Regarding need for revival and development of Malda Airport in West Bengal for defence and emergency needs-Laid

श्री खगेन मुर्मु **(**मालदहा उत्तर**) :** मैं अपने लोकसभा क्षेत्र मालदहा उत्तर के एक अत्यंत महत्वपूर्ण एवं राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मुद्दे की ओर सरकार ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूँ । मालदहा जिला भारत?बांग्लादेश सीमा पर स्थित है और लगभग 165.5 किलोमीटर लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमा साझा करता है । यह पूरा क्षेत्र सामरिक दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील है, जहाँ त्वरित सुरक्षा प्रतिक्रिया एवं निगरानी के लिए हवाई सुविधाएँ अनिवार्य हैं । वर्ष 1962 में 144 एकड़ भूमि पर मालदहा एयरपोर्ट का निर्माण किया गया था, किंतु रनवे की लंबाई मात्र 1,097 मीटर होने के कारण यह हवाई अड्डा आज तक संचालन में नहीं आ सका । वर्तमान में निकटतम हवाई अड्डे? बागडोगरा (241 किमी) एवं कोलकाता (323 किमी)?काफी दूर हैं, जिससे किसी भी आपातकालीन या सुरक्षा संबंधी परिस्थिति में त्वरित सैन्य प्रतिक्रिया प्रभावित होती है । सीमावर्ती क्षेत्र की सुरक्षा, सैन्य तैनाती और राष्ट्रीय हितों को ध्यान में रखते हुए मालदहा एयरपोर्ट का पुनरुद्धार तथा उसे रक्षा उपयोग हेतु सक्षम रूप से विकसित किया जाना अत्यंत आवश्यक है । यदि वर्तमान स्थल तकनीकी रूप से उपयुक्त न पाया जाए, तो विनम्र आग्रह है कि उपयुक्त वैकल्पिक भूमि की शीघ्र पहचान की जाए, ताकि इस सामरिक आवश्यकता को बिना विलंब पूरा किया जा सके ।